एक नजर में

दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

गोगावा। बुधवार मुख्यालय पर जनजातीय कार्यक्रम के अंतर्गत सक्षम कार्यक्रम के तहत माता शबरी कन्या आवासीय परिसर में वर्ष 3 के माड्यूल पर 2 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का संचालन माता शबरी कन्या आवासीय परिसर में संपन्न हुआ ।यह प्रशिक्षण कक्षा 8 वीं,9 वी ओर 10 वी के शिक्षकों का हुआ ओर यह प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर अर्चना सोलंकी ओर ब्लॉक मैनेजर राजेश गुप्ता के द्वारा दिया गया ।प्रशिक्षण की शुरुआत एक परिचय गतिविधि से हुई इस गतिविधि का उद्देश्य एक सहज वातावरण निर्माण करना था ।उसके बाद प्रशिक्षण की अपेक्षाएं,नियम बनाए गए ।पिछले वर्ष की उपलब्धियों पर सभी शिक्षकों से अनुभव साझा करवाए गए ओर इस वर्ष वर्ष 3 के माड्यूल ,सत्र ओर सत्र के प्रकार पर एक बेहतर समझ विकसित की गई ।बालिकाओं के बाल अधिकारों ओर सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा हुई । किस प्रकार से स्कूल में बालिकाओं को अपनी सुरक्षा के लिए वे क्या क्या कर सकती है उन्हें क्या क्या अधिकार मिले हैऔर स्कूल में किस प्रकार एक भय मुक्त वातावरण निर्मित हो सकता है जिससे बालिकाएं खुल कर अपनी बात रख सके ।जेंडर को लेकर भी एक टॉपिक पर शिक्षकों के साथ चर्चा हुई जिससे स्कूल में जो अभी भी जेंडर को लेकर असमानताएं दिख रही है उसे किस प्रकार से कम करके जेंडर समानता ला सके सभी को समान अवसर मिले को लेकर बातचीत हुई। प्रशिक्षण के दौरान प्राचार्य चंचला कानूनगो का विशेष सहयोग रहा उन्होंने बालिकाओं में एजेंसी,वॉइस ओर जेंडर पर बालिकाओं की बेहतर सीख देने ओर रोजगार शिक्षा को लेकर भी बातचीत की और सभी शिक्षकों को स्कूल में सत्र समय पर संचालित करने हेतु आदेशित किया ।

विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

झिरन्या। भीकनगांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती झूमा सोलंकी ने झिरन्या विकासखंड के रतलीपुरा मंडल अंतर्गत विभिन्न गांवों में आयोजित जनसंवाद ग्राम चौपाल कार्यक्रम में भाग लेकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूर्ण कराने पर जोर दिया। इस दौरान ग्राम रतनपुर के भील मोहल्ले में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी विधायक झूमा सोलंकी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उन्होंने कहा कि यह भवन स्थानीय लोगों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष बलवीर सिंह भाटिया, जिला पंचायत सदस्य निर्मल लोहरे, मंडल अध्यक्ष शिवकुमार भाई, मंडल अध्यक्ष अशोक भाई धूणी, पूर्व सरपंच पूनम भाई, पूर्व सरपंच ध्यानसिंह भाई, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष नंदराम भालसे, उपसरपंच गौतम नायक सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्मार्ट स्टडी, पर्यावरण संरक्षण और जीवन मूल्यों पर कार्यशाला

खरगोन। प्रियदर्शिनी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, बोरावां में 5 अगस्त को जॉय ऑफ गिविंग संस्था के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता एवं प्रेरक कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें कक्षा 6 से 12 तक के करीब 350 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला में संस्था के संस्थापक डॉ. दिलीप कर्पे ने स्मार्ट स्टडी, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, पर्यावरण संरक्षण, जल-बिजली बचत, प्लास्टिक के कम उपयोग तथा बेहतर जीवनशैली पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

सत्र की शुरुआत में मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का पौधे भेंटकर सम्मान किया गया। संस्था अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों का विकास भी है। विद्यालय प्राचार्य डॉ. नितिन मिश्रा ने विद्यार्थियों से कार्यशाला में बताए गए सकारात्मक बदलावों को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। वरिष्ठ संचालक संजीत यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण और मानवीय मूल्यों का विकास : अरुण यादव

संस्था अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री अरुण यादव ने अपने प्रेषित संदेश में कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, सामाजिक जिम्मेदारी एवं मानवीय मूल्यों का विकास करना है। उन्होंने प्रकृति संरक्षण, संसाधनों के सदुपयोग एवं समाज के प्रति संवेदनशीलता को आज की शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने 'जॉय ऑफ गिविंग' संस्था की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सेवा, सहयोग एवं सकारात्मक सोच की भावना को मजबूत करते हैं।

लायन्स क्लब द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

भीकनगांव। लायन्स क्लब भीकनगांव एवम स्वास्थ विभाग भीकनगांव के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ केंद्र बमनाला में सी एम राइज स्कूल बमनाला एवम् अन्य शासकीय स्कूल के 100 बच्चो का नेत्र परीक्षण करवाया गया। नेत्र परीक्षण नेत्र परीक्षक निकिता सोलंकी द्वारा किया गया । इस दौरान बच्चो को 100 बिस्किट के पैकेट वितरित किये। इस अवसर पर पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन निर्मल कुमार जैन, लायन्स क्लब अध्यक्ष पवन चौबे, लायन अरविंद जैन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तोताराम महाजन, समाजसेवी एवं पत्रकार अरुण राठौर व स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

सदभावना कलश यात्रा का नगर में भव्य स्वागत

मंडलेश्वर। पवित्र सावन मास में निकलने वाली कावड़ यात्राओं का सिलसिला शुरु हो चुका है मंडलेश्वर से चोली जाम महू उज्जैन तक कावड़ यात्राएं निकलती है। मंडलेश्वर से महेश्वर के पिछले 26 वर्षों से एक कलश यात्रा भी प्रतिवर्ष निकाली जा रही है जिसे गोपाला मित्र मंडल द्वारा 1999 से लगातार आयोजित कर रहा है। इस वर्ष यह यात्रा बुधवार को सुबह नर्मदा घाट से निकाली गई। रामघाट नर्मदा तट पर नर्मदा पूजन के बाद पवित्र नर्मदा जल कलश में भरकर भक्ति गीत भजन गाते हुए सदभावना कलश यात्रियों ने नगर भ्रमण करते हुए महेश्वर की ओर प्रस्थान किया घंटाघर एम जी रोड बस स्टैंड पर आमजन ने कलश पूजन कर यात्रियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। नगर परिषद कार्यालय के सामने अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने सदभावना कलश का पूजन कर यात्रियों का पुष्पमाला और अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया ।

पत्रकार के पिताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे मनोज परमार

मंडलेश्वर । हिन्दु ध्वज रक्षक और समाजसेवी मनोज परमार ने मंडलेश्वर नगर पत्रकार संघ के अध्यक्ष कमलेश चौहान के घर सुन्द्रेल पहुंचकर उनके पिताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की इस अवसर पर मंडलेश्वर महेश्वर और धार जिले के दिग्गज कलमकार भी उपस्थित थे। मनोज परमार ने महेश्वर विधानसभा सभा क्षेत्र में अपना जनसंपर्क बढ़ा दिया है इसके कई राजनितिक मायने निकाले जा रहे है।

हालांकि मनोज परमार ने अपनी कोई रणनीति नही बताई है वें सिर्फ हिन्दु धर्म और समाज सेवा के मिशन के तहत ही निमाड़ की जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे है। सावन के पवित्र मास में वे विधायक गोलू शुक्ला की कावड़ यात्रा में शामिल होने महेश्वर पहुँचे थे। इसके बाद उन्होंने धरगांव श्रीनगर और मंडलेश्वर में लोगो से मिलकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

जंगल से चुराई थी भैसें, 4 गिरफ्तार

▸ भैसे एवं पिकअप वाहन जब्त

खरगोन। बलवाड़ा थानाक्षेत्र में जंगल में चरने गई दुधारु भेंस चोरी का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भेसे जब्त की है। कार्रवाई में भेंस चुराने में इस्तेमाल की गई पिकअप वाहन भी जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 6 अगस्त को रेमसिंह निवासी ग्राम मेहंदीखेड़ा खार मोहल्ला की 3 तथा उनके भतीजे दिनेश की 1 भैंस जंगल में चरने के दौरान चोरी होने की शिकायत की थी। प्रकरण में सीसीटीवी फुटेजों के आधार पर संदिग्ध पिकअप वाहन के स्वामी की तलाश की। इस दौरान समीर पिता रामसिंह कन्नौजे को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने मेहरुद्दीनए सुरेश, खुर्शीद एवं कुंवरसिंह के साथ भैंस चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों को न्यायालय बड़वाह में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। मामले में समीर पिता रामसिंह कन्नौजे निवासी ग्राम मेहंदीखेड़ा खार मोहल्ला थाना बलवाड़ा, मेहरुद्दीन पिता सलीम शेख निवासी मसक एरिया, नेपानगर जिला बुरहानपुर, सुरेश पिता जामसिंह तंवर निवासी ग्राम मेहंदीखेड़ा खार मोहल्ला, थाना बलवाड़ा और खुर्शीद पिता रशीद शेख निवासी ग्राम साईखेड़ा थाना नेपानगर को गिरफ्तार किया है। इनका एक साथी फिलहाल फरार है।

16वीं कांवड़ यात्रा में उमड़ी आस्था, महाकाल का होगा जलाभिषेक

▸ 16 वर्षों से लगातार निकाली जा रही कांवड़ यात्रा

कसरावद। जनसहयोग के माध्यम से पिछले 16 वर्षों से लगातार निकाली जा रही कांवड़ यात्रा इस वर्ष भी श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ प्रारंभ हुई। शालिवाहन से रवाना हुई यह यात्रा विभिन्न पड़ावों से होते हुए उज्जैन पहुंचेगी, जहां श्रद्धालु भगवान महाकालेश्वर का पवित्र जल से जलाभिषेक कर देश में सुख-शांति, समृद्धि और अखंडता की कामना करेंगे। आयोजकों ने बताया कि कांवड़ यात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि नगर में धार्मिक वातावरण को बढ़ावा देना, सामाजिक एकता, भाईचारा और सद्भाव को मजबूत करना तथा सनातन संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाना भी है। यात्रा का पहला रात्रि विश्राम चोली में होगा। इसके बाद कांवड़ यात्रा पार्वती माता मंदिर, मऊ, इंदौर और सांवेर होते हुए उज्जैन पहुंचेगी। इस वर्ष यात्रा में 150 से अधिक श्रद्धालु एवं युवा शामिल हुए हैं। आयोजकों के अनुसार, 16 वर्ष पूर्व इस यात्रा की शुरुआत मात्र 15 से 20 श्रद्धालुओं के साथ हुई थी, जो आज क्षेत्र की प्रमुख धार्मिक यात्राओं में अपनी पहचान बना चुकी है ।इधर, कसरावद के नाका पैनल द्वारा कांवड़ यात्रियों का स्वागत कर सेवा-भाव का परिचय दिया गया।

समाजसेवी अजय मंडलोई ने बताया कि वे पिछले आठ वर्षों से श्रावण मास में निकलने वाली कांवड़ यात्राओं का स्वागत करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी उन्होंने संकल्प लिया है कि क्षेत्र से गुजरने वाली प्रत्येक कांवड़ यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

नाका पैनल की ओर से यात्रियों की संख्या के अनुरूप नाश्ता, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गईं। सदस्यों ने बताया कि इस सेवा का उद्देश्य समाज में एकता, सद्भावना, भाईचारे और सेवा की भावना को सशक्त करना है। उन्होंने भविष्य में भी इस सेवा कार्य को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। श्रद्धा, सेवा और जनसहयोग से संपन्न यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक समरसता और जनएकता का भी सशक्त संदेश दे रहा है।

विश्व आदिवासी दिवस पर होगी क्रांतिसूर्य जननायक टंट्या भील जी की मूर्ति स्थापना

कसरावद। 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कसरावद में आयोजित होने वाले तहसील स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भील मोहल्ला, कसरावद में क्रांतिसूर्य जननायक टंट्या भील जी की मूर्ति (गाता) की स्थापना की जाएगी। साथ ही विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपरा, भाषा, रीति-रिवाज एवं महान शहीद क्रांतिकारियों के योगदान का स्मरण करते हुए कार्यक्रम को गरिमामय, भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप दिया जाएगा। युवा पीढ़ी को अपने इतिहास, संस्कृति, सामाजिक मूल्यों एवं संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में विशाल नगर भ्रमण रैली, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, अतिथि स्वागत, मंच व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, विभिन्न समितियों के गठन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी साथियों ने अपने-अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में आकस ब्लॉक अध्यक्ष नानसिंह मण्डलोई, जयस ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद भूरिया, सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष रंजीत सिंह मण्डलोई, अजाक्स ब्लॉक अध्यक्ष गुलाब सिंह देवले, राज्य कर्मचारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष रोहित ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार मोहरे, आदिवासी छात्र संगठन संरक्षक सोमल चौहान, जिला सचिव पदमसिंह जमरे, सामाजिक सलाहकार उमेश ठाकुर, आदि उपस्थित थे।

क्विज प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण में

खरगोन। 7 अगस्त को उत्कृष्ट विद्यालय, खरगोन में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रतियोगिता के लिए जिलेभर से 250 टीमों का ऑनलाइन पंजीयन हुआ है। प्रत्येक टीम में तीन विद्यार्थी शामिल हैं। गत वर्ष सीएम राइज स्कूल, महेश्वर की टीम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया था। इसी क्रम में कलेक्टर गुरु प्रसाद ने विजेता ट्रॉफी जिला पर्यटन क्विज नोडल अधिकारी नीरज अमझरे को राज्य स्तर पर सुरक्षित पहुंचाने के लिए सौंपी।

यात्री बसों में मनमाना किराया वसूली और दुर्व्यवहार की शिकायत

▸ चालक परिचालक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग

बिस्टान । अंचल में चलने वाली यात्री बसों में अधिक किराया वसूलने और यात्रियों से दुर्व्यवहार होने की शिकायतें बढ़ते जा रही है ।इससे रोज-रोज विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है । कई बार बस स्टॉप और यात्रियों के बीच हाथापाई की घटनाएं घटित हुई है। मामलों के दृष्टिगत प्रशासन से शीघ्र इस और कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है । यात्री बसों के चालक परिचालकों की मनमानी के संबंध में बालाजी पंचमुखी हनुमान मंदिर जामलीधाम के अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल ने एक हस्तरक्षित शिकायत अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय खरगोन को दर्ज कराई है । बिस्टान नगर से मंदिर धाम की दूरी मात्र 7 किलोमीटर है। इस दूरी का यात्री बस संचालकों द्वारा मनमानी और स्व निर्धारित रूप से 20 रुपये की राशि वसूल की जाती है । इस ज्यादती का विरोध करने पर चालक परिचालकों द्वारा दर्शनार्थ यात्रियों से बदतमीजी की जाती है ।यात्रियों को बीच रास्ते में बस से उतार दिया जाता है । ऐसी स्थिति में महिलाओं दर्शनार्थियों और बच्चों को भारी फजियत सहनी पड़ती है । अग्रवाल ने बताया विशेष तीज त्योहारो प्रति शनिवार और मंगलवार को धाम पर हजारों की संख्या में भक्त्त दर्शनार्थ जुटते हैं ।इन अवसरों पर बस संचालकों की मनमानी चरम पर रहती है । मंगलवार को एक यात्री बस के परिचालक ने मंदिर धाम के अध्यक्ष अग्रवाल से न सिर्फ किराए की मनमानी राशि को लेकर विवाद किया । बल्कि उन्हें आधे रास्ते में ही बस से उतार दिया ।

किशोर कुमार का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

खरगोन। सुरों के जादूगर कहे जाने वाले सिनेमा जगत के निर्माता, निर्देशक, अभिनेता, संगीतकार, गीतकार एवं पार्श्वगायक, हरफ़नमौला कलाकार किशोर कुमार की 97 वीं जयंती खरगोन शहर से लगे ग्राम बलवाड़ी के अहीर धर्मशाला में उनके अनन्य भक्त एवं प्रशंसक कैलाश यादव की अगुवाई में केक काटकर बड़े धूमधाम से मनाई गई, ज्ञात रहे ईसी ग्राम के निवासी कैलाश यादव विगत 27 वर्षों से किशोर कुमार के नगमे गाते हुए उनका जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाते आ रहे है, जिस कारण इन्हें किशोरदा के नाम से भी जाना जाता है। इसी कड़ी में आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में खरगोन सहित आसपास से पधारे सिंगरों में गिरधारी लाल चौहान (भूतपूर्व सैनिक), महेश शिंदे, कमल सागोरे, हीरालाल मंडलोई, नरेन्द्र आर्य, कुंदन सागोरे, राजेश परमार्थी, विनोद पाटीदार, महेंद्र चौहान, आरआर बर्डे, सच्चिदानंद स्वरुप गुप्ता, पूरण जायसवाल, दिपेन्द्र जोशी, मुकेश नैयर, राधेश्याम कर्मा, शिवम यादव ने देर रात तक किशोर कुमार के तराने सुनाये, ईस अवसर पर श्रोताओं में आत्माराम पाटीदार, नारायण पटेल, गोपाल यादव, सुरेश यादव, कृष्णलाल प्रजापति, महेंद्र यादव, काशीराम पाटीदार, संजय यादव, नरेश यादव, मोहन पाटिदार, गोपाल पेंगा, महेश यादव, दिनेश पाटीदार, सुशील यादव, बजरंग यादव, रोहित पाटीदार आदि सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

एक नजर में ▸ विश्व आदिवासी दिवस के शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित आयोजन के उद्देयय से शांति समिति की बैठक

शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन के संबंध में विस्तार से चर्चा की

कसरावद। आगामी विश्व आदिवासी दिवस के शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित आयोजन के उद्देश्य से थाना परिसर कसरावद में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।बैठक में प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने आयोजकों एवं आमजन से प्रशासन एवं पुलिस का पूर्ण सहयोग करने की अपील की। पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) अनुराग के निर्देशन, पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन सुश्री शिमाला प्रसाद के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक रविन्द्र वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती शकुन्तला रुहल के नेतृत्व में जिले में आगामी विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं सभी कार्यक्रमों का शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मंडलेश्वर श्रीमती श्वेता शुक्ला के निर्देशन में में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कसरावद अनिल जैन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मंडलेश्वर श्रीमती श्वेता शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से की गई। बैठक में तहसीलदार मुकेश मचार, थाना प्रभारी निरीक्षक इन्द्रेश त्रिपाठी, जनप्रतिनिधिगण, आदिवासी समाज के वरिष्ठजन, समाजसेवी, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्रस्तावित रैलियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य आयोजनों के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। आयोजकों को निर्देशित किया गया कि सभी कार्यक्रम प्रशासन द्वारा निर्धारित समय, स्वीकृत मार्ग एवं जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही आयोजित किए जाएँ। साथ ही कलेक्टर द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163(2) के अंतर्गत जारी आदेशों एवं दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए उनका अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।